12वीं सीनियर नेशनल वुमन हॉकी चैंपियनशिप, 2022

चर्चा में क्यों?

6 मई, 2022 को मध्य प्रदेश की खेल एवं युवा कल्याण मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने भोपाल में 12वीं सीनियर नेशनल वुमन हॉकी चैंपियनशिप, 2022 का शुभारंभ किया।

प्रमुख बिंदु

- उल्लेखनीय है कि इस चैंपियनशिप में मेजबान मध्य प्रदेश सहित देश की 27 टीमें भाग ले रही हैं। इसमें चंडीगढ़, बिहार, हरियाणा, असम, बंगाल, पंजाब, छत्तीसगढ़, त्रिपुरा, महाराष्ट्र, राजस्थान, उत्तराखंड, झारखंड, आंध्र प्रदेश, पुडुच्चेरी, कर्नाटक, तमिलनाडु, अरुणाचल प्रदेश, अंडमान और निकोबार, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, गोआ, गुजरात, केरल, तेलंगाना, ओडिशा और हिमाचल प्रदेश की टीमें शामिल हैं।
- चैंपियनशिप में इन टीमों को 8 पूलों में बांटा गया है। पूल-ए में मध्य प्रदेश, चंडीगढ़ और बिहार, पूल-बी में हरियाणा, असम, बंगाल शामिल हैं।
- पूल-सी में पंजाब, छत्तीसगढ़ और त्रिपुरा तथा पूल-डी में महाराष्ट्र, राजस्थान और उत्तराखंड शामिल हैं।
- झारखंड, आंध्र प्रदेश और पुडुचेरी को पूल-ई में रखा गया है, जबकि कर्नाटक, तमिलनाडु, अरुणाचल प्रदेश, अंडमान एवं निकोबार को पूल-एफ में रखा गया है।
- पूल-जी में उत्तर प्रदेश, दिल्ली, गोआ और गुजरात, पूल-एच में ओडिशा, तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश को शामिल किया गया है।
- 12वीं सीनियर नेशनल वुमन हॉकी चैंपियनशिप, 2022 का फाइनल मैच 17 मई को खेला जाएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/12th-senior-national-women-hockey-championship-2022